an>

Title: Need to provide stoppage of train Nos. 05113/14 and 55007/08 at Taraiya Sujan Railway Station in Deoria district, Uttar Pradesh -laid.

श्री रमापति राम त्रिपाठी (देवरिया): मैं अनुरोध करना चाहूँगा कि मेरें लोकसभा क्षेत्र देवरिया जनपद कुशीनगर के अन्तर्गत तरया सुजान रेलवे स्टेशन उत्तर प्रदेश का अंतिम स्टेशन होने के कारण यहाँ से लगभग 50 ग्राम सभा के लोग ट्रेन मार्ग से ही जुडे है, जिसकी आबादी लगभग पचास हजार से दो लाख के बीच है । यहाँ दियारा क्षेत्र के अहिरौलीदान, बाकखाश, विरवट, बाघाचौर, सिसवा नाहर, मठिया श्रीराम, जमसड़िया, रामपुर बंगरा आदि गाँव के लोग इलाज एवं रोजगार के लिए तरया सुजान रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकडते है । ट्रेन के अलवा इनके पास यातायात का कोई दूसरा साधन नहीं है, जिस वजह से यहाँ की स्थानीय जनता को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है । जनहित को ध्यान में रखते हुए तरया सुजान रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव होना अत्यंत अवश्यक है ।

अतः मैं माननीय रेल मंत्री जी से मांग करता हूँ कि तरया सुजान रेलवे स्टेशन पर छपरा वाया गोमतीनगर ट्रेन संख्या 05113/05114 तथा गोरखपुर वाया पाटलिपुर ट्रेन संख्या 55008/07) का ठहराव कराने की कृपा करें ।